C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:05 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:14 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 299 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. गुरूवार, 29 मई 2025

विराट के बाद तमन्ना भाटिया ने लगाया... पेज-3 पर

News कॉर्नर

## कल डीएम की अध्यक्षता में होगा बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

**नैनीताल ।** जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में कल 30 मई (शुक्रवार)को पूर्वाह्न 11 बजे से रामलीला मैदान नाई में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने बताया कि 30 मई (शुक्रवार)को विकास खण्ड ओखलकांडा के रामलीला मैदान नाई में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजन मानस तक पहुंचाया जाएगा और योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस शिविर में चिकित्सा, कृषि, उद्यान, पशु चिकित्सा, समाज कल्याण, अधिशासी अभियंता लोनिवि, ग्रानिवि, सिंचाई, लघु सिंचाई, पेयजल, जल विद्युत विभाग और जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व वरिष्ठ परियोजना अधिकारी उरेडा आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी आम जन को प्रदान की जाएगी।

## एंटी ह्यूमन ट्रेफ़किंग यूनिट ने भारत नेपाल बॉर्डर चेक पोस्ट पर चलाया चैकिंग अभियान

**रुद्रपुर।** एसएसपी के दिशा निर्देशन में व प्रभारी एंटी हयूमन ट्रेफ़किंग यूनिट के परवेक्षण में बुधवार को टीम ने एसएसबी यूनिट बनबसा टीम के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित करने के लिए संयुक्त रूप से बैठक की। इसके बाद दोनों टीमों ने बॉडर से नेपाली से भारत में आने वालों की चैकिंग की। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्या ने बताया कि थाना झनकईया बार्डर अति सवेदनसील के साथ ही मानव तस्करी के दृष्टिगत गहनता से चैकिंग की गई। संदिग्धों से पूछताछ भी की गई। टीम में एएसआई नीरज सिंघल, सुरेश गिरी, महिला कांस्टेबल ममता मेहरा, प्रियंका कोरंगा आदि शामिल रहे।

# बीडी पांडे अस्पताल में ऑक्सीजन की सख्त जरूरत

**नैनीताल**

**अफजल हुसैन फौजी**

कोविड का नया वेरिएंट आने से बीडी पांडे अस्पताल को ऑक्सीजन की सख्त जरूरत है। नया वेरिएंट की दस्तक से अस्पताल प्रबंधन तैयारियों में जुट गया है। मगर ऑक्सीजन प्लांट खराब होने से अस्पताल की तैयारियां अधूरी हैं।

पिछले कोरोना के दौरान डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बीडी पांडे अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था, जो पांच महिने पहले खराब हो गया है। अब कोराना के नए वेरिएंट से निपटने के लिए सिलिंडरों और ऑक्सीजन की



सख्त दरकार है। हालात यह हैं कि ऑक्सीजन सिलिंडरों को हल्द्वानी से भरवाया जा रहा है। अब कोरोना के नए वेरिएंट को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट को ठीक करने के लिए अब जागा है और पत्राचार शासन से पत्र भेजा है। मगर अभी तक कोई कारवाई अभी तक नहीं हो पाई है।

बता दें कि कोरोना काल में शहर के बीडी पांडे अस्पताल में सेंट्रल ऑक्सीजन प्लांट सिस्टम स्थापित किया गया था, जिससे अस्पताल के 97 बैडों को सीधे जोड़ा गया था। हर वार्ड में मरीजों को हर बैड पर ऑक्सीजन आसानी से मिल रही थी। लेकिन बीते दिनो चीन में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस फैलने के बाद प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग ने इन्फ्लूएंजा व निमोनिया को लेकर अलर्ट जारी कर दिया था। स्वास्थ्य महानिदेशक की ओर से आदेश जारी कर अस्पतालों में व्यवस्थाएं जुटा लेने के निर्देश दिए थे। जब अस्पताल व्यवस्थाओं की तैयारियों में लगा तो पता चला कि डेड़ करोड़ की लागत से स्थापित ऑक्सीजन प्लांट ठप पड़ा है। इधर कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से अलर्ट जारी कर दिया गया है। लेकिन ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट अब भी ठप पड़ा हुआ है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि प्लांट निर्माण को पीएम स्तर से बजट आवंटित हुआ था। लेकिन पांच महीने से खराब प्लांट ठीक नहीं कराया गया है। जिसके चलते ऑक्सीजन कंसंट्रेटर व सिलिंडर से वैकल्पिक व्यवस्था चलाई जा रही है। वहीं अस्पताल प्रबंधन को सिलिंडर भरने के लिए हल्द्वानी के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि अस्पताल में प्रतिमाह लगभग दस सिलिंडर की खपत होती है। इन दिनों हल्द्वानी से भराया जाता है। वहीं अस्पताल में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर से भी मरीजों को ऑक्सीजन दी जाती है। ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की मेंटीनेंस का सालाना खर्च लगभग तीन लाख रूपया है। इनकी मरम्मत व अन्य कार्यों का खर्च के लिए शासन से मदद मांगी गई है। जल्द ऑक्सीजन प्लांट ठीक करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

पाकिस्तान को आतंकवाद की भारी कीमत चुकानी होगी


# दो टूक: पीओके एक दिन हमारा होकर ही रहेगा - राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ-साफ कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर एक दिन हमारा होकर ही रहेगा। पाकिस्तान से सिर्फ आतंकवाद और पीओके के मुद्दे पर ही होगी। पीओके के लोग हमारे अपने ही है। पीओके एक दिन खुद कहेगा कि हम भारत का हिस्सा है। रही बात आतंकवाद की तो अब भारत इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। पाक की हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

रक्षा मंत्री ने कहा, आपने देखा कि कैसे हमने पहले आतंकी ठिकानों को नष्ट किया और फिर दुश्मन के सैन्य ठिकानों और एयरबेसों को। करने को हम कुछ और भी कर सकते थे, लेकिन हमने दुनिया के सामने शक्ति और संयम के समन्वय का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया। राजनाथ सिंह भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन-2025 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में अनिश्चितता का माहौल है। हर जगह संघर्ष चल रहा है। इसका मुख्य कारण भरोसे की कमी है। रक्षा मंत्री



राजनाथ सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में पूरे देश के लोगों ने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता को देखा, समझा और महसूस किया है। आज यह साबित हो गया है कि मेक इन इंडिया भारत की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। मेक इन इंडिया भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अनिवार्य घटक है। अगर हमारे पास यह क्षमता नहीं होती, तो भारत की सेनाएं निचले पाकिस्तान से लेकर पीओके तक आतंकवाद के खिलाफ इतनी प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पातीं...

राजनाथ सिंह ने कहा, आतंकवाद का कारोबार चलाना लागत प्रभावी नहीं है। आज पाकिस्तान को एहसास हो गया है कि उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमने आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति और प्रतिक्रिया दोनों को नया स्वरूप दिया है। हमने पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों और बातचीत के दायरे को नए सिरे से निर्धारित किया है। अब जब भी बातचीत होगी, तो वह सिर्फ आतंकवाद और पीओके पर होगी। मेरा मानना है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग हमारे अपने हैं, हमारे परिवार का हिस्सा हैं। हम %एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के प्रति प्रतिबद्ध हैं। हमें पूरा विश्वास है कि हमारे जो भाई आज भौगोलिक और राजनीतिक रूप से हमसे अलग हो गए हैं, वे भी किसी न किसी दिन भारत की मुख्यधारा में लौट आएंगे।

# कांग्रेस अनुसूचित विभाग जिला अध्यक्ष राजेश पासी समर्थकों संग भाजपा में शामिल

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

कांग्रेस अनुसूचित विभाग के जिला अध्यक्ष व पूर्व प्रधान कीरतपुर राजेश कुमार पासी ने सैकड़ो समर्थकों संग थामा भाजपा का दामन थाम लिया। विधायक शिव अरोरा ने सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है। लोगों का कांग्रेस पार्टी से मोह भंग हों चुका है। लोकसभा चुनाव मे भी कई मौजूदा प्रधान,बीडीसी भाजपा में शामिल हुऐ थे। ऐसे ही नगर निगम चुनाव मे भी कांग्रेस के कई मौजूदा पार्षद, पदाधिकारियों ने भी कांग्रेस का हाथ झटका था। विधायक ने कहा कि भाजपा परिवार में आये सैकड़ों लोगों का स्वागत हैऔऊ पार्टी की रीती नीतियो को आगे बढ़ाते हुऐ रुद्रपुर ने भाजपा को ओर मजबूत करने का कार्य करेंगे।इस दौरान किरन विर्क, प्रीत ग्रोवर,हिमांशु शुक्ला, मोर सिंह यादव मौजूद थे।

**स्वागत**

- विधायक अरोरा ने कार्यालय पर दिलाई भाजपा की सदस्यता

भाजपा शामिल होने वालों मे कांग्रेस अनुसूचित विभाग जिला अध्यक्ष राजेश कुमार पासी, श्रवण गुप्ता, संदीप गुप्ता,उज्जवल, सुधाकर दुबे, पीयूष शुक्ला, राजू श्रीवास्तव, सोनू मंडल, सतीश पासी, राजेश राय, राजू कबीरा, अमरनाथ, रामवतार, हुकुम सिंह, जतिन नेगी, विजय कुमार, राजेश भारती, शिवकुमार, शिव कुमार, नीरज बोरा, महेश फौजी, विपिन सैनी,विनय कुमार, सुनील कोली, राजेश पटेल, साधु शरण, हरजीत सिंह, गौतम सागर, रविंद्र पाल, विपिन यादव, विजय मंडल, सुमित मिस्त्री, उदय, धर्मवीर, संजय साहनी, साधुशरण, गुरमीत सिंह, विनोद धामा, प्रमोद सिंह, ओमपाल, मोहन लाल, आशीष सिंह, आकाश, गोपी, अनुज, राजीव, हेमंत, विक्की साहनी, प्रेम साहनी आदि शामिल।



# शत्रु संपत्ति मेट्रोपोल होटल परिसर को उत्तराखंड सरकार को अस्थायी पार्किंग के लिए आवंटित किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अथक प्रयासों और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सहमति से नैनीताल को एक बड़ी राहत मिली है।

वर्षों से लंबित पार्किंग संकट को दूर करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने शत्रु संपत्ति मेट्रोपोल होटल परिसर को उत्तराखंड सरकार को अस्थायी पार्किंग उपयोग के लिए आवंटित कर दिया है। इस ऐतिहासिक निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बुधवार को भाजपा नैनीताल मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की द्वारा बुधवार को मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्की ने कहा कि यह निर्णय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दूरदृष्टि और केंद्र सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण है। अब नैनीताल में पार्किंग की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी और पर्यटन व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस दौरान विक्रम सिंह राठौर, कविता गंगोला,आयूष भंडारी, भारती, मोहित लाल साह, निखिल बिष्ट, ज्योति ढौंडियाल, आशीष बजाज, हरीश सिंह राणा व विकास जोशी समेत अन्य लोग रहे।

# पर्यटकों के लिए आकर्षण, ग्रीष्म नाट्य महोत्सव का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर में लीलाधर भट्ट कल्याण समिति उत्तराखंड एवं मंच आर्ट एंड थिएटर डेवलपमेंट सोसाइटी नैनीताल के द्वारा ग्रीष्म नाट्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव लोक संस्कृति व कला का अद्भुत संगम होगा जो ना सिर्फ स्थानीय निवासियों के लिए बल्कि देशभर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी एक विशेष आकर्षण रहेगा।

बता दें कि महोत्सव में उत्तराखंड के स्थानीय और विभिन्न स्थानों से आए कलाकार, लोक कलाकार और सांस्कृतिक समूह अपने-अपने पारंपरिक नाटक व नृत्य की प्रस्तुति देंगे साथ ही शॉर्ट फि ल्में भी दिखाई जाएंगी। मंच के निदेशक व वरिष्ठ



रंगकर्मी इदरिश मलिक ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य समाज को एक सशक्त दिशा देना है जिससे समाज में पारंपरिक लोक विधाओं को बढ़ावा मिले व नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुडने का अवसर मिले महोत्सव में विशेष रूप से विभिन्न स्थानों से नाटक दल अपनी टीम लेकर प्रतिभाग कर रहे हैं। यह महोत्सव ना केवल मनोरंजन का माध्यम होगा बल्कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति के संवर्धन का भी एक सशक्त प्रयास रहेगा। ग्रीष्मकालीन नाट्य महोत्सव के तहत दिल्ली से आई हुई 5 एलिमेंट्स की टीम ने अपना प्रसिद्ध नाटक पड़ोसन का मंचन किया, लगभग पौने दो घंटे के इस हास्य नाटक का दर्शकों ने खूब आनंद लिया। नाटक के मंचन से पहले नगर के रंग कर्मियों के द्वारा मंच संस्था की सचिव व मंच संस्था के आयोजक इद्रीस मलिक की पत्नी कवल मलिक को पुष्पांजलि दी गई जो कि पिछले साल 21 नवम्बर को इस दुनियां के रंगमंच से दूर चली गई थी। उसके बाद उनकी बिटिया ओशीन ने अपनी माँ के बारे में श्रद्धापूर्वक कुछ प्रेरक प्रसंग दर्शकों के सामने रखें। यहां राजेश आर्या, एच. एस. राणा, मिथिलेश पांडे, मदन मेहरा, विनोद देशपांडे, ओशीन मलिक, सुमन कीर्ति, नीरज डालाकोटी, रोहित वर्मा, पवन कुमार, मो0 जावेद हुसैन, सुनील कुमार, कौशल साह, दिलावर सिराज, डा मोहत सनवाल, तिलकराज जोशी, जस्सी राम, अनिल कुमार, नवीन बेगाना, किशन लाल, मोनू भाकुनी, मोहन लाल, मनोज लाल साह टोनी तथा नसीर अली व अनवर रजा आदि उपस्थित रहे।

# कूटा व उटा अध्यक्ष ने सांसद भट्ट को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) तथा उत्तराखंड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (उटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने बुधवार को नैनीताल दौरे पर पहुंचे नैनीताल-ऊधमसिंहनगर संसदीय सीट के सांसद तथा पूर्व रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट से शिष्टाचार मुलाकात की तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान प्रो.तिवारी ने उत्तराखंड उच्च शिक्षा में कार्य कर रहे संविदा तथा अतिथि प्रवक्ताओं का वेतन यूजीसी नियमानुसार 57700 रुपया किया जाने की मांग की। प्रो.तिवारी ने कहा कि लंबे समय से उक्त यूजीसी का आदेश लागू नहीं हो पाया है जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय तथा हरियाणा सरकार द्वारा द्वारा वेतन वृद्धि की जा चुकी है । प्रो. तिवारी ने सांसद से यह भी अनुरोध किया कि उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार 10 वर्ष की संविदा सेवा पूर्ण कर चुके कार्मिकों को नियमित किया जाए इस पर शीघ्र मुख्यमंत्री से बात कर उक्त प्रकरण का समाधान करें। कूटा अध्यक्ष प्रो.तिवारी ने आईई आरपी तथा मुख्यमंत्री शोध प्रोत्साहन योजना तथा केयूआईएफ आर के शोध परियोजना के अंतर्गत बनाए गए पौधों के 6 फ्लायर भी सांसद भट्ट को भेंट किए जिसमें अलमास, ओस मैंथेसए, कारनस एपिटसपोरियम, बेडू तथा घिघारु शामिल था। इस फ्लायर में इन पौधों की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई कराई गई है । कहा कि ये सभी आईयूसीएन कैटेगरी में आते हैं । कूटा अध्यक्ष ने नैनीताल के सडकों के गड्ढों को ठीक करवाने तथा इन कार्यों में तेजी लाने की बात भी सांसद से की । इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत समेत भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की समेत निखिल बिष्ट, हरीश सिंह राणा तथा मोहित लाल साह आदि उपस्थित रहे ।



# नियमितीकरण को 327वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 327वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देव भूमि में पर्यटक बनकर आईए ।। पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत कोलकाता से आए पर्यटकों ने पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधारोपण किया तथा कहा कि इस आवास गृह में प्रवेश करते ही उन्हें शांति की अनुभूति हुई और एक प्रकृति का अनोखा सौंदर्य यहां पर देखने को मिला। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण आंदोलन जारी रहेगा।

# पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगा कर ले जाना वाले को पकड़ा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

कोतवाली क्षेत्र चौकी बिगवाड़ा क्षेत्र से एक सप्ताह पहले घर से लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने बरामद कर लिया है। साथ ही उसे बहालाकर भगाने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक

17 वर्षीय नबालिक लड़की को आम खेड़ा, बरखेड़ा पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी नाजिम पुत्र नफीस अहमद बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। इसकी खबर लगते ही योगी सेना और परिजनों ने बिगवाड़ा चौकी में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने दो टीमें गठित की। जिसके बाद तमाम तकनीकी साधनों का उपयोग करते हुए पुलिस ने आरोपी की तलाश में कई जगह दबिश दी। सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस लड़की का मेडिकल कराकर परिजनों को सौंप दिया। जबकि आरोपी को जेल भेज दिया। टीम में प्रभारी चौकी बगवाड़ा जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल दिलीप कुमार आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।



## NEWS / फटाफट

### आदि कैलाश यात्रा में जा रहे यात्रियों का किया स्वागत

**पिथौरागढ़/नैनीताल ।** पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में उत्तराखंड टूर एंड ट्रेवल्स संस्था के माध्यम से आदि कैलाश यात्रा में जा रहे यात्रियों का बुधवार को स्वागत किया गया। कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी ने यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ते हुए शपथ दिलायी, शपथ रजिस्टर भरवाया। यात्रियों ने पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधा रोपण किया ।यात्रियों को गुंजी में बन रहे यादों के जंगल में पौधारोपण हेतु पौधे दिए गए । यात्रियों ने कहा कि वह हिमालय को कूड़ा मुक्त करने में अपनी भूमिका निभाएंगे साथ ही गुंजी में पौधारोपण करेंगे। यात्रा पूरी करने के बाद अपने घर पर भी पौधा रोपण करेंगे। यात्रा दल में प्रकाश, पूर्वी,अशोक तथा मंजू देवी गर्ग, पूनम श्रीवास्तव व शशांक कुमार शामिल रहे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष लोकेश चंद भी उपस्थित रहे।

### राज्यपाल गुरमीत सिंह से की प्रो. बिष्ट ने शिष्टाचार भेंट

**नैनीताल।** सूबे के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से बुधवार को राजभवन में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रो.सतपाल ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों व अनुसंधान कार्यों आदि की विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बढाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए विश्वविद्यालय को नवाचार तथा कौशल विकास तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप शोध और अनुसंधान करने की जरुरत पर बल दिया। राज्यपाल ने कुलपति प्रो.सतपाल से वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च के अंतर्गत शोध कार्यक्रम की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली।

### भारतीय भाषा दिवस समर कैंप का आयोजन

**नैनीताल ।** जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती राजकीय इंटर कालेज मंगोली में भारतीय भाषा दिवस समर कैंप के प्रथम दिन प्रधानाचार्य चंद्र शेखर जोशी द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान शिक्षकों द्वारा समर कैंप के महत्व के बारे में कार्ययोजना के अनुसार क्रियाकलाप संपादित किए गए और विभिन्न गतिविधियों में रोल प्ले, फ्लैश कार्ड, प्रेरक और देश भक्ति नारे व आपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी गई।समर कैंप में कक्षा 6 से बारह तक के 50 छात्र/छात्राएं उपस्थित रही। समर कैंप में छात्र छात्रा छात्राएं प्रसन्नतापूर्वक प्रतिभाग कर रहे हैं। कैंप को सफल बनाने में शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद, भूपाल सिंह मेहता, मनोज कुमार, गणेश राम, रतन बन गोस्वामी तथा विजय पाल सिंह सहयोग कर रहे हैं।

### बलियानाला में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण



**नैनीताल।** नैनीताल एवं ऊधमसिंहनगर के सांसद व पूर्व पर्यटन एवं रक्षा केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट द्वारा बुधवार को अपने नैनीताल प्रवास के दौरान नैनीताल क्षेत्र के अति संवेदनशील क्षेत्र बलियानाला में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य के प्रोजेक्ट मैनेजर से कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा चल रहे कार्य की समीक्षा की। इस दौरान सांसद भट्ट ने दो घंटे से अधिक का समय बलियानाले के निरीक्षण में गुजारा,उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की जरुरत पर बल दिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत समेत विमला अधिकारी, दया किशन पोखरिया,विवेक शाह, आयूष भंडारी, मारुति नंदन शाह,मोहित लाल शाह, भरत सिंह मेहरा, पूर्व सभासद कैलाश रौतेला, सलमान जाफ री, ममता जोशी, संतोष कुमार तथा करन आदि कार्यकर्ता निरक्षर के दौरान उपस्थित थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# पुलिस की तत्परता के चलते गांधी पार्क में बेहोशी की हालत में पड़े व्यक्ति की जान बची

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**मदद**

- **गांधी पार्क में पड़ा था बेहोशी की हालत में, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल**
- **हायर सेंटर रेफर, मुक्तेश्वर का निवासी बताया जा रहा**

बाजार पुलिस चौकी को गांधी पार्क में एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंच उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात को एक व्यक्ति गांधी पार्क में बेहोशी की हालत में पड़ा। उसके मुंह से झाग भी निकल रहे थे। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी। मौके पर बाजार पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार खत्री मय पुलिस फोर्स पहुंचे। उन्होंने उसे अस्पताल पहुंचाया। चौकी प्रभारी ने बताया कि चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए भेज दिया। वहां पर उसका उपचार चल रहा है। चौकी प्रभारी ने बताया कि जिस व्यक्ति ने आत्मघाती कदम उठाए हैं, वह नैनीताल जनपद के मुक्तेश्वर क्षेत्र का निवासी है। वह यहां ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में रह रहा। उन्होंने बताया कि वह पत्नी से अलग रह रहा। उसका उपचार जारी है।



# प्रो. रावत ने कुलाधिपति ले.ज.गुरुमीत से शिष्टाचार भेंट की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने बुधवार को राजभवन नैनीताल में उत्तराखंड के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ले. ज.गुरुमीत सिंह (सेनि) से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रो. रावत ने विश्वविद्यालय में चल रही विभिन्न योजनाओं तथा शैक्षणिक पहलों एवं विकासात्मक परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी राज्यपाल एवं कुलाधिपति को दी।

प्रो. रावत ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय को केंद्र सरकार की मेरू योजना के तहत प्राप्त 100 करोड़ रुपएं की अनुदान राशि के उपयोग डीएसटी- पेयर योजना के तहत अनुसंधान संवर्धन एवं आंतरिक अनुसंधान फं डिंग के माध्यम से फैकल्टी सदस्यों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 65 से अधिक शिक्षकों को 1.25 करोड़ से अधिक की आंतरिक अनुसंधान सहायता दी गई है जिसके परिणामस्वरूप गुणवत्तापूर्ण प्रकाशनों व पेटेंट में वृद्धि हुई है।



कुलपति प्रो.रावत ने विश्वविद्यालय के नैनीताल व भीमताल परिसरों में चल रहे नवीन निर्माण कार्यों (शिक्षाशास्त्र विभाग, विधि संकाय और विभिन्न विभागों के भवनों के नवीनीकरण एवं स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना) की जानकारी साझा की। प्रो.रावत ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति को बताया कि विश्वविद्यालय में नैनो साइंस सेंटर, बायोफ्लॉक एवं हाइड्रोपोनिक्स स्किल सेंटरए तथा लाइब्रेरी चौंपियन पुरस्कार, विद्यासेतु योजनाएं और एसएसबी प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे अभिनव प्रयासों के माध्यम से छात्र विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

मुलाकात के दौरान राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राज्यपाल ने कुलपति की पहल एवं प्रतिबद्धता की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा विश्वविद्यालय की अकादमिक व शोध उपलब्धियों को सराहनीय बताया, उन्होंने शीघ्र ही विश्वविद्यालय के नैनो साइंस सेंटर तथा स्किल सेंटरों का भ्रमण करने एवं सभी संकायों के संकायाध्यक्षों से पृथक बैठक करने हेतु निर्देशित भी किया।

# अभिमत

## नीति में बदलाव नहीं

***भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कश्मीर पर मध्यस्थता के प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा कि यह द्विपक्षीय मुद्दा है और भारत अपनी नीति में बदलाव नहीं करेगा। दरअसल युद्ध विराम को लेकर डोनाल्ड ट्रंप के बार-बार बदले हुए बयान आने से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। भारत ने दो टूक कहा है कि पाकिस्तान द्वारा कश्मीर के अवैध रूप से कब्जा किये गये भारतीय क्षेत्र को खाली कराना भारत की नीति है।***

भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम किसी तीसरे देश के दबाव में नहीं किया गया। भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कश्मीर पर मध्यस्थता के प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा कि यह द्विपक्षीय मुद्दा है और भारत अपनी नीति में बदलाव नहीं करेगा। दरअसल युद्ध विराम को लेकर डोनाल्ड ट्रंप के बार-बार बदले हुए बयान आने से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। भारत ने दो टूक कहा है कि पाकिस्तान द्वारा कश्मीर के अवैध रूप से कब्जा किये गये भारतीय क्षेत्र को खाली कराना भारत की नीति है। डोनाल्ड ट्रंप ने परमाणु हमले की आशंका भी जताई। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि हमारी सैन्य कार्रवाई पूरी तरह से पारंपरिक हथियारों तक सीमित थी। भारत-पाकिस्तान के बीच तीन दिन संघर्ष हुआ, इसे युद्ध कहना उचित नहीं होगा। पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद देशवासी पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई चाहते थे। विपक्ष भी मांग कर रहा था। भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक करके आतंकवादियों के ठिकाने ध्वस्त कर दिये। पाकिस्तान ने अपनी जनता को संतुष्ट करने के लिए सीमा पर गोलाबारी और हवाई हमले किये। भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया तो पाकिस्तान ने स्वयं संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा। भारत ने स्वीकार कर लिया। दरअसल भारत का मकसद सिर्फ आतंकवादियों पर हमला करना था। विपक्ष ने भारत की सैन्य कार्रवाई का पूरा समर्थन किया। भारत की ओर से अधिकृत तौर पर संघर्ष विराम की जानकारी देने से पहले ही डोनाल्ड ट्रंप ने सीजफायर का ऐलान कर दिया, इससे भारत में विपक्ष को हैरानी हो गई। डोनाल्ड ट्रंप ने कश्मीर मुद्दे को सुलझाने के लिए मध्यस्थता का प्रस्ताव दिया। इसके बाद यह कहा कि उन्होंने व्यापार बंद करने की चेतावनी देकर संघर्ष विराम कराया है। भारत ने बार-बार कहा कि संघर्ष विराम के लिए पाकिस्तान ने अनुरोध किया था, किसी की चेतावनी से नहीं किया है। संघर्ष विराम के बाद भी भारत इस बात पर अडिग है कि आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि डोनाल्ड ट्रंप कोई भूमिका निभाना चाहते हैं तो पाकिस्तान को आतंकवादियों के प्रति लगाव खत्म करने और आतंकी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई को राजी करें। व्यापार और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। पाकिस्तान के साथ भारत के व्यापार का कोई महत्व नहीं है। व्यापार के मुद्दे पर पाकिस्तान पर अमेरिका की चेतावनी का असर पड़ सकता है।

# जिला उद्योग मित्र की बैठक आयोजित

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



मुख्य विकास अधिकारी अनामिका की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन भीमताल के सभागार में जिला उद्योग मित्र की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें मुख्य रुप से विगत वर्ष में लंबित बिंदुओं की कार्यवाही और प्रगति के बारे में चर्चा की गयी साथ ही सीडीओ ने उद्योग मित्रों की समस्याएं तथा निराकरण और स्थानीय उद्योगों को कैसा बढ़ावा दिया जा सका इसके सुझाव मांगे।

इस दौरान उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 5 इकाइयों के व्याज उपादान के आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र पल्लवी ने विगत बैठक में रखे गए विभिन्न बिंदुओं पर की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए प्राप्त बिंदुओं से अवगत कराया जिसमें बजूनियाहल्दू-पतलिया से कोटाबाग को वैकल्पिक मार्ग, सूर्यागांव-सातताल मोटर मार्ग निर्माण, ग्राम हरिपुर मोतिया सम्पर्क मार्ग को मरम्मत कराने व कोटाबाग में स्थित इकाईयों में विद्युत की अनियमतताएं, भीमताल स्थित आणु नाले के दिशा परिवर्तन के संबंध, डालाकोटी पेंट एंड कैमिकल्स द्वारा जीएसटी नियमावली के अनुसार इनपुट क्रेटिड का लाभ, इकाई वरदान मिनरल्स के विद्युत भार बढ़ाने आदि लंबित बिन्दुओं की जानकारी दी जिस पर सीडीओ ने संबंधित विभाग से कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी विभाग लंबित कार्यों और उनकी प्रगति से 10 दिन के भीतर अवगत कराएंगे।

उन्होंने कहा कि कार्य योजना में किसी प्रकार लापरवाही नहीं होनी चाहिए साथ ही पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य होने चाहिए। इस दौरान विभिन्न इंडस्ट्री से आए उद्योग मित्र ने बताया कि भीमताल सिडकुल में बिजली कटौती, सडक् दुरुस्त, पेयजल व्यवस्था में सुधार, लोकल सेल के लिए डिस्प्ले यूनिट, सेल यूनिट और कूड़ा निस्तारण के लिए कूड़ा वाहन आदि की मांग की। सीडीओ ने कहा कि उद्योग मित्र की सभी समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर रोजगार और उद्योगों को भी बढ़ावा मिल सके। इस दौरान व्याज उपादान के विभिन्न प्रस्तावो को स्वीकृति प्रदान कीगई महिला उद्यमियों हेतु विशेष प्रोत्साहन योजना ब्याज उपादान हेतु 472106 लाख, विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति 2008 यथा संशोधित-2011 विद्युत उपादान में 970690 लाख, सूक्ष्म व लघु एवं मध्य उद्यम नीति-2015 ब्याज उपादान में 20397818 लाख, सूक्ष्म व लघु एवं मध्य उद्यम नीति-2015 विद्युत उत्पादन में 17508220 लाख, लघु एवं मध्य उद्यम नीति-2015 परिवहन उपादान में 14000000 लाख को अलग अलग मदों में पास किए गए। बैठक में हिमालयन चैम्बर्स आफ कामर्स के अध्यक्ष रमेश बिंजोला समेत सदस्य प्रीति सागर, एस पी क्राइम जगदीश चंद्र, एआरटीओ बी के सिंह, खान अधिकारी अनिल, एलडीएम अमित बाजपेयी तथा ईई लोनिवि रत्नेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## देवभूमि उत्तराखंड की पवित्र भूमि पर नही चलेगा लव जिहादः विधायक शिव

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने लवजिहादियों को अपनी आदतों से बाज आने की चेतावनी दी है देवभूमि उत्तराखंड की पवित्र भूमि पर लव जिहादनहीं चलेगा। विधायक ने नाबालिग लड़की की बरामदगी पर पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की। बीते दिनों मलसी गांव की नाबालिक लड़की को जिला पीलीभीत निवासी नाजिम भगा ले गया था। इस घटना की जानकारी विधायक को मिली तो वह लगातार एसएसपी से सम्पर्क मे थे,लेकिन कोई पता न लगने पर लोगों में आक्रोश का माहौल था। विधायक ने बताया कि पुलिस ने लव जिहादी नाजिम को जेल भेजा और नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। विधायक कोतवाली पहुंचे और उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की। विधायक ने बताया कि बीते दिनों केलाखेड़ा मे भी एक ऐसा ही मामला सामने आया। पुलिस ने नाबालिक लड़की को बरामद कर दानिश को जेल भेजा है।

# सीडीओ ने विकास भवन से कृषि प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**



मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बुधवार को विकास भवन से विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अन्तर्गत 3 कृषि प्रचार रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि खरीफ फसल चक्र से पूर्व विकसित संकल्प अभियान जो 29 मई से 12 जून 2025 तक चलाया जायेगा। इस दौरान तीनों कृषि प्रचार रथ जनपद के सभी न्यायपंचायतों में जाकर कृषकों को जागरूक करेगें तथा कृषकों हेतु देश व प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर कृषकों को जागरूक करेगें ताकि अधिक से अधिक कृषक योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होने कहा कि कृषि प्रचार वाहनों द्वारा कृषकों को कृषि वैज्ञानिको द्वारा नई तकनीकी की जानकारियां दी जायेगी। ताकि कृषक अपनी खेती-बाड़ी में नई तकनीकी का उपयोग कर लाभ उठा सकें। उन्होने कहा कि कृषकों के उपयोगी सुझाव भी लिये जायेगें ताकि उन सुझावों को कृषि कल्याण की योजनाओं में समाहित किया जायेगा। उन्होने सभी कृषक भाईयों से अपील की कि कृषक रथों के माध्यम से दी जा रही महत्वपूर्ण जानकारियों का अधिक से अधिक लाभ उठाये इस दौरान डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ अभय सक्सेना, जिला आयुर्वेदिक युनानी अधिकारी डॉ आलोक शुक्ला, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत आदि मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## विराट के बाद तमन्ना भाटिया ने लगाया इंस्टाग्राम पर इल्जाम





*क्रिकेटर विराट कोहली के बाद अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने इल्जाम लगाया है कि इंस्टाग्राम अपने आप पेजों को लाइक करता है। ताजा मामला दीपिका पादुकोण से जुड़ा है। हाल ही में क्रिकेटर विराट कोहली ने दावा किया था कि इंस्टाग्राम पर अपने आप पोस्ट लाइक हो गई। अब अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म खुद से पेजों को लाइक करता है। तमन्ना ने बुधवार को अपनी एक सेल्फी के साथ एक स्टोरी पोस्ट करते हुए कहा %क्या इंस्टाग्राम हमें ये बता सकता है कि वह खुद से पेजों को कैसे लाइक करता है, क्योंकि कई लोग इसे खबर बना रहे हैं और मुझे आपना सामना करना है। आपको बता दें कि कथित तौर पर तमन्ना भाटिया ने दीपिका पादुकोण की एक इंस्टाग्राम रील को लाइक किया। इस रील में वेतन में अंतर, काम के माहौल और महिलाओं के प्रति द्वेष जैसे मुद्दों को उजागर किया गया। तमन्ना की यह पोस्ट दीपिका पादुकोण और फिल्म निर्माता संदीप रेड्डी वांगा के बीच फिल्म स्पिरिट को लेकर चल रहे विवाद के बीच आई है। आपको बता दें मार्च 2025 में ऑनलाइन अफवाहें उड़ीं कि स्पिरिट का कथानक लीक हो गया है, कुछ लोगों ने तमिल फिल्म थेरी से समानता का दावा किया। हालांकि फिल्म लीक होने की बात की तस्दीक नहीं हो पाई है। फिल्म %स्पिरिट% से दीपिका के जाने के कुछ समय बाद, फिल्म के निर्माताओं ने बताया कि इसमें तृप्ति डिमरी को लिया गया है।*

### संदीप रेड्डी ने किया था पोस्ट

*हाल ही में फिल्म निर्माता संदीप रेड्डी वांगा ने एक पोस्ट की। इसमें उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन लोगों ने इसे दीपिका पादुकोण से जोड़ा। उन्होंने पोस्ट काफी गुस्से में की और दीपिका के व्यवहार को अनप्रोफेशनल बताया। दीपिका पादुकोण पहले वांगा की फिल्म स्पिरिट का हिस्सा थीं लेकिन बाद में वह इससे अलग हो गईं। दीपिका ने फिल्म में शूटिंग के घंटों को कम करने और दूसरी मांगें रखी थीं। इससे वांगा नाराज हो गए।*

# नकली सोने को असली सोना बताकर रुपए ऐंठने वाले गैंग का भंडाफोड़

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

नकली सोने को असली सोना बताकर रुपए ऐंठने वाली गैंग के सदस्य को पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने पकड़ कर भंडाफोड़ किया है। नकली सोने के आभूषण को असली बताकर कर बैंकों से लोन लेने वाले जालसाजों के मंसूबों पर पानी फेर कर दो जाल साजों को गिरफ्तार किया है तब की एक जालसाज भागने में कामयाब हुआ है।

भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार व एसओजी प्रभारी संजीत राठौर को मुखबीर ने सूचना दी की नगर में आजकल नकली सोना को असली सोना बात कर बैंकों से लाखों रुपए का लोन लेने वाले सदस्य नगर में आ गए हैं और वह लोन देने वाले बैंकों की तलाश में जुटे हुए हैं सूचना पाकर पुलिस ने नकली सोने को असली बताने वाले सदस्यों को तिकोनिया स्थित दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास बैंक कर्मी बनकर सोने पर लोन देने की बात कह कर बुलाया। यह सुनकर गैंग के तीन सदस्य पार्क के पास पहुंचे तो पुलिस ने दो सदस्यों को पकड़ लिया और उनकी तलाशी जिनके पास से नकली सोने की आठ चूड़ियां बरामद की इतना नहीं चूड़ियों पर हॉलमार्क की मोहर भी बाकायदा लगी थी जिस पर कोई भी शक नहीं कर सकता है उसे मोर को देखकर बैंक वाले इनको लोन देते थे पुलिस ने पकड़े गए दोनों जाल साजों से पूछताछ की दोनों ने अपना नाम अखिलेश सिंह नेगी निवासी सोमेश्वर, पवन सिंह कपकोट बागेश्वर बताया की पुलिस को देखकर अल्मोड़ा निवासी अमन खान फरार हो गया पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह कई बैंकों से नकली सोना रखकर लाखों रुपए डकार चुके हैं और यहां भी इस चूड़ियां रखकर लाखों रुपए लेने की फिराक में थे। पुलिस गहनता से दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है सफलता पाने वाली टीम में कांस्टेबल ललित श्रीवास्तव, संतोष सिंह आदि शामिल थे।

## News कॉर्नर

### शादीशुदा व्यक्ति एक किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया

**हल्द्वानी।** शादीशुदा व्यक्ति एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी की मां ने बनभूलपुरा थाना पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। बनभूलपुरा में रहने वाली महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसकी पुत्री मंगलवार को मदरसे में पढ़ने के लिए गई थी। तभी मूल रूप से बरेली का रहने वाला आजाद पुत्र बादशाह उसे बहला फुसलाकर ले गया। जब देर शाम तक उसकी पुत्री घर नहीं पहुंची तो कुछ स्थानीय लोगों ने उसे बताया कि उसे तो आजाद अपने साथ ले गया है लोगों ने महिला को यह भी बताया कि आजाद पहले से शादी शुदा है। ये सुनकर महिला के होश फाख्ता हो गए। आनन फानन में महिला ने आजाद के परिजनों से संपर्क किया लेकिन वह लोग घर में ताला लगा कर फरार हो गए।महिला ने बनभूलपुरा थाना पहुंच कर पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी नीरज भाकुनी का कहना है कि आरोपीय जल्द पुलिस की गिरफ्त में होगा।

### 82 वाहनों के चालान किये और 06 को सीज

**हल्द्वानी।** संभागीय परिवहन अधिकारी। (प्रवर्तन) डॉ गुरदेव सिंह हल्द्वानी संभाग के निर्देश पर आज परिवहन विभाग के द्वारा नियम विरुद्ध और अनधिकृत वाहन संचालन करने के अभियोग में 82 वाहनों के चालान किये और 06 को सीज किया गया। नैनीताल क्षेत्र में परिवहन कर अधिकारी प्रमोद कर्नाटक, हल्द्वानी क्षेत्र में एआरटीओ जितेंद्र सिंघवान, कालाढूंगी हल्द्वानी मार्ग पर परिवहन कर अधिकारी मुकुल अग्रवाल आदि के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें ओवरलोडिंग, ओवर स्पीडिंग, रिफ्लेक्टर ,नंबर प्लेट, सीट बेल्ट ,बिना हेलमेट वाहन संचालन आदि के अभियोग में प्रवर्तन कार्रवाई की गई । प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान प्रपत्र प्रस्तुत न करने के अभियोग में पिकअप , ईरिक्शा व ऑटो सहित 06 वाहन सीज किए गए।

# बीएलएम एकेडमी में स्व. वेद प्रकाश गुप्ता स्मृति अंतर्विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता जारी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बीएलएम एकेडमी में चल रही स्व. वेद प्रकाश गुप्ता स्मृति अंतर्विद्यालयी खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन प्रधानार्चा डॉ. गायत्री कंवर ने स्व. वेद प्रकाश गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस चैंपियनशिप ने एक बार फिर कुमाऊं क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओं को खेल भावना, कौशल और दृढ़ संकल्प के उत्सव में एक साथ लाया है। प्रधानाचार्या डॉ. गायत्री कंवर और उपप्रधानाचार्या संगीता माथुर ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर शुरुआत की। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी और आयोजन सचिव हर्ष गोयल ने बताया कि बालक बालिकाओं के लिए सब-जूनियर , जूनियर और सीनियर आयुवर्गों में आयोजित की जा रही है। बीएलएम एकेडमी में कुमाऊं की उभरती हुई शतरंज प्रतिभाओं के लिए एक वार्षिक मंच प्रदान करने की परंपरा जारीहै, जो कि छात्रों के बीच रणनीतिक सोच, धैर्य और खेल भावना को बढ़ावा देती है। जिसमें कुमाऊं क्षेत्र के 33 स्कूलों के 221 खिलाड़ी छह श्रेणियों में प्रतिभाग कर रहे हैं। खेल विभाग के निश्चल जोशी, संजय सजवाण, हेमंत जोशी, दिनेश जोशी, रंजना बोरा, वंदना नेगी ने सहयोग किया।





# मारपीट व फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले किशोर समेत तीन लोग गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पुलिस ने मारपीट और फायरिंग कर दहशत फैलाने वालों में शामिल किशोर समेत तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीन तमंचे भी बरामद किए। पुलिस गिरफ्तार तीनों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के मुताबिक 25 मई 2025 को ट्रांजिट कैंप निवासी प्रेमपाल पुत्र नेतराम ने थाना ट्रांजिट कैंप में तहरीर दी। तहरीर में कहा कि 24 मई 2025 की रात लगभग 10:30 बजे श्मशान घाट शराब ठेके के पास कुछ अज्ञात लड़कों ने उसे घेर लिया और हथियारों से लैस होकर उनकी गर्दन पर तमंचे की बट और लात-घूसों से पीटा। आरोप लगाया कि तमंचों से कई राउंड गोलियां भी चलाईं।

एसएसपी ने बताया कि फायरिंग करने वालों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें गठित की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखें। सीसीटीवी फुटेज में चिह्नित संदिग्धों को हिरासत में लिया और पूछताछ की। उन्होंने बताया कि पुछताछ के दौरान दोनों ने फायरिंग की घटना को कबूल किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 3 अवैध तमंचों और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए। एक नाबालिग है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार फायरिंग करने वाले

बंटी कोली पुत्र महावीर कोली, निवासी निकट कटोरी मंदिर रम्पुरा रुद्रपुर।प्रथम पाल सिंह पुत्र रणधीर पाल सिंह, निवासी मझना, थाना नवाबगंज, जिला फर्रुखाबाद (फतेहगढ़), वर्तमान निवासी रेलवे स्टेशन के सामने डिबडिबा, थाना बिलासपुर, जिला रामपुर यूपी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएसआई महेश कांडपाल,एसआई अकरम अहमद,अपर उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश, एएसआई हरदेश परिहार, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार,जगमोहन गौड़ आदि शामिल रहे।



# ट्रेन में एक व्यक्ति का शव मिलने से काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर हड़कंप मचा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

ट्रेन में एक व्यक्ति का शव मिलने से काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की शिनाख्त बरेली पोस्ट आफिस में तैनात कर्मचारी 37 वर्षीय भानु प्रताप के रूप में हुई है। आशंका जताई जा रही है कि भानु प्रताप बरेली से ट्रेन पर चढ़ने के दौरान जहर खाया है जिससे उसकी मौत हुई है। जीआरपी पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

काठगोदाम जीआरपी पुलिस के अनुसार शास्त्रीनगर बरेली निवासी 37 वर्षीय भानु प्रताप बरेली पोस्ट आफिस में तैनात थे। काठगोदाम पहुंचे परिजनों ने बताया कि पांच साल पहले भानु सड़क हादसे का शिकार हो गए थे तब एक पैर काटना पड़ा एक महीने से वह मानसिक तनाव में थे और काम पर नहीं जा रहे थे। अक्सर वह ट्रेन में बैठकर कहीं के लिए भी निकल पड़ते थे।जीआरपी थानाध्यक्ष नरेश कोहली ने बताया कि बाघ एक्सप्रेस काठगोदाम देरी से पहुंची। रूटीन चेकिंग के दौरान टीम ने ट्रेन के दिव्यांग कोच में एक व्यक्ति को बेसुध पाया। अस्पताल पहुंचाया तो डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। तलाशी में जेब से आधार कार्ड, सल्फास का डिब्बा व मोबाइल फोन मिला है संभावना जताई जा रही है कि मृतक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या किया होगा। सूचना पर बुधवार को परिवार वाले हल्द्वानी पहुंचे जहां परिवार वालों ने बताया कि भानु प्रताप हर बार ट्रेन में जाता था। लेकिन ताज्जुब तो इस बात का है कि शव बरेली से काठगोदाम तक 108 किलोमीटर तक सफर करता रहा लेकिन किसी की नजर उस पर नहीं गई।फिलहाल जीआरपी ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और मौत के कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही लगेगा।

# नीलियम कॉलोनी निकट सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में महावारी दिवस मनाया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नीलियम कॉलोनी निकट सिद्धेश्वर मंदिर में एनसीडब्ल्यूडीसी के पदाधिकारियों ने महावारी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं को माहवारी के समय किस तरह से स्वास्थ्य और स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए इस बारे में महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेनू अधिकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला उद्यमिता परिषद रही। अतिथि के रूप में डॉक्टर अंकिता, रामाविष्ट और सोनू जोशी उपस्थिति रही। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपा त्रिपाठी ने कहा कि हम टीम के साथ पिछड़े हुए क्षेत्र में और झुग्गी झोपड़ियां में जाते हैं और वहां पर महिलाओं को माहवारी के समय में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हैं।सैनिटरी नैपकिंस भी वितरित करते हैं। कार्यक्रम में 100 महिलाओं को सेनेटरी नैपकिंस वितरित किए गए और साथ ही बिस्कुट और कोल्ड ड्रिंक भी वितरित किए गए। इस मोके पर रेनू अधिकारी ने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए कहा और माहवारी दिवस में किस तरीके से स्वास्थ्य और स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए इस विषय में बताया। डॉक्टर अंकिता ने बताया कि माहवारी के टाइम में अगर हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखेंगे तो बहुत ही भयंकर बीमारी हमको हो जाएगी इसीलिए हमको स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। मेघा त्रिपाठी ने इस कार्यक्रम का संचालन किया।



### शहीद सैनिक विद्यालय की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की

**नैनीताल ।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की फुटबॉल टीम ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में आयोजित अंतर स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रनर अप ट्रॉफी अपने नाम की।

कालेज प्रबंधन के मुताबिक यह प्रतियोगिता 23 मई से 27 मई तक आयोजित की गई थी और इसका आयोजन सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के हीरक जयंती के उपलक्ष्य में किया गया।

# युवक ने अपनी कार एक व्यक्ति को बेची, कुछ दिनों बाद वही कार दूसरे के नाम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में वाहन ठगी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक युवक ने पहले अपनी कार एक व्यक्ति को बेची और फिर कुछ ही दिनों बाद दूसरा चाबी से उसी कार को चुराकर रुद्रपुर में बेच डाला। बनभूलपुरा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा है। टनकपुर रोड, गोलागेट निवासी विकास जोहरी ने थाने में दी गई शिकायत में बताया कि उन्होंने 23 अप्रैल को अपनी कार संख्या यू के04डी 4916, टनकपुर रोड पर खड़ी की थी। लेकिन 25 अप्रैल को जब वह गाड़ी लेने पहुंचे तो वह वहां से गायब थी। उन्होंने तत्काल बनभूलपुरा थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई।

जांच में जो खुलासा हुआ, वह चौंकाने वाला था। पुलिस के अनुसार, आयुष नामक युवक ने उक्त कार विकास जोहरी को कुछ समय पहले बेची थी, लेकिन उसने कार की दूसरी चाबी अपने पास ही रख ली थी। कार बिकने के बाद जब उसने देखा कि गाड़ी जोहरी के घर के पास खड़ी है, तो उसने उसे दूसरी चाबी से खोलकर चोरी कर ली और रुद्रपुर ले जाकर 56,हजार में बेच दी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बनभूलपुरा पुलिस ने आरोपी आयुष पुत्र राजेंद्र सिंह भाकुनी, निवासी अल्मोड़ा को हल्द्वानी स्थित जजी कोर्ट के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। टीम में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, उपनिरीक्षक नीरज चौहान, कांस्टेबल हरीश रावत, कांस्टेबल विनोद गोस्वामी शामिल रहे।

# एसटीएफ की एएनटीएफ यूनिट ने 42 लाख कीमती हेरोइन समेत ड्रग्स तस्कर को दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड एसटीएफ की एएनटीएफ यूनिट ने खटीमा पुलिस के साथ चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। टीम ने उसके कब्जे से 141 ग्राम हेरोइन बरामद की। बरामद हेरोइन करीब 42 लाख रुपए की बताई जा रही है।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने बताया कि एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स, कुमाऊं यूनिट ने थाना खटीमा पुलिस के साथ सयुंक्त कार्रवाई करते हुए करते हुए एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 141 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की। उन्होंने बताया कि पूछताछ में उसने बताया कि वह हेरोइन नानकमत्ता क्षेत्र के हेरी नाम के व्यक्ति से लेकर आने की बात कबूल की। उन्होंने बताया कि एंटी नार्कोटिक्स कुमाऊं यूनिट को राज्य के जनपदों में कड़ी निगरानी रखते हुये कार्रवाई करने को निर्देशित किया गया है। इसी के तहत एडिशनल एसपी स्वप्न किशोर सिंह,सीओ आरबी चमोला के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट पावन स्वरूप के नेतृत्व में टीम ने थाना खटीमा क्षेत्र में पहनिया-कुटरी बाईपास पर बने स्टोन क्रेशर के पास सुजिया गाँव की ओर जाने वाली सड़क से एक हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया। हेरोइन नानकमता के हैरी नामक व्यक्ति से लेकर आने और खटीमा क्षेत्र में छोटी- छोटी पुड़िया बनाकर बेचने की बात बताई। टीम उससे अन्य ड्रग्स तस्करों की जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्तार तस्कर युसुफ अंसारी उर्फ गुड्डू पुत्र यामीन निवासी वार्ड 13, शारदा टाकीज के पास, थाना खटीमा का निवासी है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।कार्रवाई के दौरान निरीक्षक के अलावा एसआई विपिन चंद्र जोशी, एसआई विनोद चंद्र जोशी, एएसआई जगवीर शरण, हेड कांस्टेबल मनमोहन सिंह,वीरेंद्र चौहान,इसरार अहमद,मोहित जोशी के अलावा थाना खटीमा पुलिस टीम में एसआई किशोर पंत,महेश आर्या आदि शामिल रहे।



**कार्रवाई**

- तस्कर ने पूछताछ में नानकमत्ता से हेरी नाम के व्यक्ति से लेकर आने की बात कबूल की